## आकाशवाणी शिमला

**21.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

### मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर में 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को कल राष्ट्र को करेंगे समर्पित–बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खात्मे के लिए पूरे समाज की एकजुटता को बताया ज़रूरी।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर तुर्किए से सेब आयात शुल्क सौ प्रतिशत करने का किया आग्रह।**
- **ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा की तिरंगा यात्रा जारी।**
- **पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर किया गया नमन।**

### प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से एक सौ 3 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों को अपग्रेड और पुनर्विकसित किया गया है। इन स्टेशनों को क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत प्रदर्शित करते हुए शहर के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन स्टेशनों में कांगड़ा जिला में बैजनाथ–पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। उत्तर रेलवे के जम्मू संभाग के वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबंधक उचित सिंह ने बताया कि 8 करोड़ रूपये की लागत से पुनर्विकसित बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन में कई आधुनिक सुविधाएं सृजित की गई हैं जिससे स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को भी सुविधा होगी।

***हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ □□रोला रेलवे स्टेशन का □नर विकास कार्य □र्ण हो चुका है, जो की लगभग आठ करोड की लागत से □नः विकसित किया गया है। इसका माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा कल वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से उद्घाटन किया जाएगा। यह स्टेशन इसलिए भी महत्व□र्ण है क्योंकि धार्मिक स्थल एवं सांस्कृतिक स्थल इसकी □रिधि में हैं। इस स्टेशन □र □नःविकास के तहत दिव्यांगजनों की सुविधाओं के अनुकूल बनाया गया है। इस स्टेशन □र प्रवेश द्वार □र रें□ का विकास, नवीनी कृत शौचालये , जल बूथ , कोच गायडेंस सिस्टम, नवीनी कृत रेस्ट रूम, वेटिंग रूम व कार्यकारी लाउंज आधी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इससे यात्रियों को बहतर सुविधा मिल □एगी।***

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नशे जैसी सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए पूरे समाज का एकजुट होना बेहद ज़रूरी है। मंडी ज़िला के जंजैहली में राजकीय केन्द्रीय प्राथमिक विद्यालय से ड्रग फ्री मंडी अभियान की शुरूआत करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से वे नशा मुक्त अभियान से जुड़े हैं और प्रदेश के सभी ज़िलों में नशा विरोधी अभियान चला रहे हैं। शिव प्रताप शुक्ल ने नशा विरोधी विशेष अभियान शुरू करने व समाज का मार्गदर्शन करने के लिए बलवाड़ पंचायत की महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान की सराहना करते हुए इसमें सभी नागरिकों की भागीदारी पर बल दिया।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुर्कीए से सेब के आयात को हतोत्साहित करने और हिमाचल के सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा करने के लिए सेब पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम सौ प्रतिशत करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि आयातित सेब पर मात्रात्मक प्रतिबंध भी लगाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि

सेब राज्य की प्रमुख नकदी फसल है और इससे लगभग 4 हज़ार 5 सौ करोड़ रुपये की वार्षिक आय अर्जित होती है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हाल ही के वर्षों में भारतीय बाजारों में तुर्कीए के सेबों की अधिकता से न केवल स्थानीय सेब उत्पादक प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कमज़ोर होते हैं, बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर के छोटे और सीमांत सेब उत्पादकों की आजीविका पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

***प्रधानमंत्री से 24 तारीख को नीति आयोग की बैठक है। उसमें प्रधानमंत्री जी आएंगे। उसके बाद मेरे को कल फोन आया। मैं शाम को उनसे मिल रहा हूं और जो तुर्की का सेब हिंदुस्तान में आ रहा है उस पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने की हम बात करेंगे क्योंकि हमारे बागबान जो है वह जो बाहर से सेब आता तो उसका प्रभाव पड़ता है और जो हमारी आर्थीकी मैं बागबान का बहुत बड़ा योगदान है। बागवानो की रक्षा करना हमारा दायित्व भी है फर्ज भी बनता है और हम इस दृष्टिकोण से मैं उनसे भी बात करूंगा और मेरे मुझे लगता है कि हम इसमें आगे बढ़ेंगे***

**चंद्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज चंबा ज़िला की मैहला पंचायत में 67 लाख रूपये की लागत से बने किसान परामर्श केन्द्र व विषय वस्तु विशेषज्ञ कार्यालय का लोकार्पण किया। बाद में उन्होंने चंबा में करीब 2 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली कुकट हैचरी का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने अब ऐसी व्यवस्था की है कि किसी भी विश्वविद्यालय से कृषि में बी. एस.सी करने वालों को प्रदेश में मान्यता दी जाएगी।

**तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। यात्राओं के दौरान सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला ज़िला के शोधी व संजौली में आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा और अन्य पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उधर मनाली में सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भूतपूर्व सैनिक, स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों और विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने शिरकत की। तिरंगा यात्रा में शामिल हुए भूतपूर्व सैनिक हीरालाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुहंतोड़ जवाब दिया है।

इधर प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने सोलन ज़िला के धर्मपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शिरकत की। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**भाजपा महिला मोर्चा**

इस बीच भाजपा महिला मोर्चा द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य पर आज से 31 मई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होलकर के चरित्र व उनके योगदान से लोगों को रूबरू करवाया जाएगा।

***वंदना योगी राज्य अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में ऑपरेशन सिंदूर की गरिमा में उनके सम्मान में अपने नेतृत्व पर निर्णय के साथ सैनिकों के शौर्य के साथ खड़ी है और जिन्होंने अपनों को खोया है उन परिवारों के साथ खड़ी है और इस कड़ी में आमजन के साथ तिरंगा यात्रा और सिंदूर यात्रा का आयोजन करा। इन यात्राओं के साथ-साथ आज से 31 मई तक पुण्यश्लोक***

***लोकमाता देवी मां अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के कार्यक्रम चलने वाले है। अपने हिमाचल में भी साढ़े तीन सौ कार्यक्रम ऐसे छोटे-बड़े कार्यक्रम जिनके माध्यम से देवी मां का चरित्र समाज के बीच में रखने का प्रयास यह साढ़े तीन सौ कार्यक्रम अलग-अलग स्वरूप में आयोजित होंगे। आज जैसे 21 मई से मंदिरों की सफाई मंदिरों में पूजा अर्चना प्रभात फेरी के साथ ये शुरू हुए।***

**पुण्यतिथि**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि है। इस उपलक्ष्य पर कई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की गई। इस दिन को आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए राजीव गांधी के विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का मजबूत आधार रखा, जिसके सकारात्मक परिणाम वर्तमान पीढ़ी को मिल रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय एकता और देश की अखंडता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर चंबा ज़िला मुख्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**विमल नेगी**

बहुचर्चित विमल नेगी मृत्यु मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपना फैसला 23 मई के लिए सुरक्षित रखा है। मामले को लेकर आज हाईकोर्ट में न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में एस.आई.टी और डी.जी.पी की स्टेटस रिपोर्ट में विरोधाभास सामने आया है जिसके बाद जांच संदेह के घेरे में है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मौत मामले में राज्य सरकार पर साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने और दोषियों को बचाने के आरोप लगाए हैं। मंडी ज़िला के जंजैहली में आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी के इस्तीफे की मांग करते हुए इस मामले की सीबीआई जांच करवाने की वकालत की। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि डीजीपी की गोपनीय रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी को दो बार बुलाने के बावजूद वे जांच में शामिल नहीं हुए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि रिपोर्ट में ये भी दर्ज है कि उन्होंने अनावश्यक हस्तक्षेप किया और जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर सरकार निर्दोष है तो इस मामले की सीबीआई जांच करवाने से क्यों डर रही है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में 103 अमृत भारत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को कल राष्ट्र को करेंगे समर्पित–बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खात्मे के लिए पूरे समाज की एकजुटता को बताया ज़रूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर तुर्किए से सेब आयात शुल्क सौ प्रतिशत करने का किया आग्रह।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा की तिरंगा यात्रा जारी।
- पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर किया गया नमन।